आईआईटी-खड़गपुर ने विकसित किया ड्रोन 'भीम'

drishtiias.com/hindi/printpdf/iit-kharagpur-develops-superpower-drone-bhim

समाचारों में क्यों ?

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के छात्रों ने देश का स्वदेशी सुपरपावर ड्रोन बनाया है और उन्होंने इसका नाम 'भीम' रखा है| आईआईटी छात्रों द्वारा विकसित यह मानवरहित उपकरण एक मीटर लंबा है जो अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था में मदद देने के अलावा कई अनोखी खूबियों से लैस है|

क्यों खास है यह ड्रोन ?

- शोध छात्रों का दावा है कि अपने जबरदस्त बैटरी बैक-अप की वज़ह से यह सात घंटे तक उड़ान भर सकता है और एक किमी के दायरे में वाई-फाई जोन बना सकता है|
- इन्हीं खूबियों की वज़ह से भीम को आपदा और युद्ध के दौरान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला माना जा रहा है| इसके ज़रिये सुरक्षा बलों, राहतकर्मियों और आम लोगों को बाधारहित संचार की सुविधा दी जा सकती है|
- इसकी सबसे बड़ी खासियत देर तक उड़ान भरने और पैराशूट के ज़रिये आपातकालीन आपूर्ति बहाल करने की क्षमता है| दरअसल, अभी तक किसी भी ड्रोन में ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता मौजूद नहीं है उल्लेखनीय है कि यह पूरी तरह स्वदेशी है|
- यह काफी हल्का है और सबसे महत्त्वपूर्ण यह कि इसकी कीमत भी भारत में निगरानी के लिये इस्तेमाल हो रहे मौजूदा ड्रोन की कीमत की एक-चौथाई है|